Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to send a central team to assess the severity of shortage of seeds and fertilizers in Darbhanga, Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): अभी रबी का सीजन प्रारंभ हो रहा है और किसानों को बीज और खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता अतिआवश्यक है। किन्तु अध्यक्ष महोदय बिहार राज्य में इस समय किसानों को बीज और खाद की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण समस्या का समाधान नहीं कर रही है। खासकर उत्तर बिहार में दरभंगा जो अत्यधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है और मुख्य रूप से वहाँ के किसानों की मुख्य फसल रबी है वहाँ किसानो को खाद और बीज के लिए तकलीफ उठानी पड़ रही है, यह एक गंभीर विषय है क्योंकि उनकी आजीविका का प्रमुख स्रोत कृषि है। अतः मैं आदरणीय मंत्री महोदय, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से इस समस्या के त्वरित निदान हेतु एक केन्द्रीय जांच टीम दरभंगा भेजकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर समस्या का निवारण किया जाय। खाद की अवैध कालाबाजारी और जमाखोरी व्यापक पैमाने पर की जा रही है।